प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 28.11.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा, रांची में नवनियुक्त अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र, गिनायी उपलब्धियां, भाजपा ने हर मोर्चे पर करार बताया विफल।
- रांची में ऑडिट सप्ताह का समापन, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा–हाल के वर्षों में दुनिया में भारत की छवि हुई मजबूत।
- केन्द्रीय कोयला सचिव ने धनबाद के अग्नि प्रभावित इलाके में चल रहे विकास कार्यों का लिया जायजा, कहा–सरकार बेलगढ़िया को मॉडल टाउनशिप बनाने के लिए प्रतिबद्ध।
- गोवा में आठ दिनों से चल रहा 56वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव संपन्न, दिग्गज अभिनेता धमेन्द्र को दी गयी श्रद्धांजलि।
- भारत–दक्षिण अफ्रीका वनडे मैच को लेकर रांची में बढ़ा क्रिकेट का रोमांच, बॉलिंग कोच मोर्नेम मोर्केल ने कहा–खिलाड़ी पूरी ऊर्जा के साथ मैदान में उतरने को तैयार।

****

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के दूसरे कार्यकाल का आज एक साल पूरा हो गया। इस मौके पर रांची के मोरहाबादी मैदान में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विभिन्न विभागों में नवनियुक्त आठ हजार सात सौ बानबे अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। इस मौके पर श्री सोरेन ने कहा कि वर्तमान सरकार यहां के नौजवानों के भविष्य को गढ़ने में लगा हुआ है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दूसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने हर मोर्चे पर सरकार को विफल करार दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान राज्य सरकार झारखंड की जनता को ठगनेवाली सरकार है। उन्होंने कहा कि राज्य के नौजवानों को सरकार ने सिर्फ आश्वासन देने का काम किया है।

****

प्रधान महालेखाकार झारखंड की ओर से आज रांची में ऑडिट सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि हाल के वर्षों में दुनिया में भारत की छवि मजबूत हुई है। देश में पहले वर्क कल्चर नहीं था, लेकिन अब एक मजबूत वर्क कल्चर डेवलप हुआ है।

इस मौके पर प्रधान महालेखाकार इंदु अग्रवाल समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

****

गोड्डा में पुलिस एनकाउंटर में मारे गए भाजपा नेता सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की सीबीआई जांच के लिए दायर क्रिमिनल रिट याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किए जाने पर न्यायालय ने नाराजगी जताते हुए एक सप्ताह में सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

****

केन्द्रीय कोयला सचिव विक्रमदेव दत्त धनबाद के दो दिवसीय दौरे पर हैं। अपने दौरे के पहले दिन उन्होंने अग्निप्रभावित बेलगढ़िया में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया और कई सुविधाओं का उदघाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार बेलगाड़ियां को मॉडल टाउनशिप बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इससे पहले कोयला सचिव ने झरिया पुनर्वास और विकास प्राधिकार के अधिकारियों के साथ बैठक किया और कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

****

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान देवघर और एम्स ऋषिकेष के सहयोग से जनजातीय समुदायों में उच्च रक्तचाप की उभरती स्वास्थ्य चुनौतियों पर देवघर में राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता——

****

गोवा में आठ दिनों से चल रहा 56वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव आज संपन्न हो गया। समापन समारोह के दौरान दिग्गज अभिनेता धमेन्द्र को श्रद्धांजलि दी गयी। एक रिपोर्ट।

****

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 30 नवंबर को होने वाले एक दिवसीय मुकाबले को लेकर रांची में क्रिकेट का रोमांच काफी बढ़ गया है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों ने आज जेएससीए स्टेडियम में अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। इस दौरान खिलाड़ी अपनी लय हासिल करने में जुटे दिखे। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका टीम ने भी अपनी रणनीति पर काम करते हुए बल्लेबाजों और गेंदबाजों के साथ अभ्यास किया। भारत के बॉलिंग कोच मॉर्ने मोर्केल ने टीम की तैयारियों पर खुशी जताई है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि खिलाड़ी पूरी ऊर्जा के साथ मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं और दक्षिण अफ्रीका को कड़ी टक्कर देने की क्षमता रखते हैं।

****

साहेबगंज में आयोजित जिला बालिका अस्मिता लीग एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन हो गया। समापन समारोह में अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत ने जिले की बालिका खिलाड़ियों को ग्रामीण क्षेत्रों से निकलकर जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में सर्दी का सितम जारी है। पिछले चौबीस घंटे के दौरान गुमला में न्यूनतम तापमान सात दशमलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे कम रहा। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार अगले चार दिनों में तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की संभावना है। केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार 2 दिसंबर तक सुबह के समय कुहासे का असर रहेगा और आकाश में हल्के बादल भी छाए रहेंगे।

********समाप्त*********